कोटद्वार, रविवार
3 नवम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 182 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

गोधरा कांड पर आधारित किताबें वापस मंगाने के निर्णय से राजनीतिक विवाद

जयपुर ,राजस्थान सरकार ने गोधरा कांड और गुजरात दंगों पर आधारित कुछ किताबों को वापस मंगाने का फैसला लिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। शिक्षा विभाग ने पहले किताबों को वापस मंगाने का कारण तकनीकी खामियां बताया था, जैसे प्रिंटिंग की गुणवत्ता खराब होना और पन्नों में हेरफेर। बताया गया था कि इन कमियों के कारण छात्रों को पढने़ में परेशानी हो सकती है। हालांकि, इस मुद्दे ने नया मोड़ तब लिया जब राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किताबों की वापसी के पीछे गोधरा कांड के हत्यारों का महिमामंडन करने का आरोप लगाया। दिलावर का कहना है कि इन किताबों में गोधरा कांड में ट्रेन जलाने वालों को हिंदू बताया गया है और उन्हें अपराधी भी कहा गया है। उनका मानना है कि इन तथ्यों को बच्चों के सामने गलत रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे बच्चों में भ्रम पैदा हो सकता है। दिलावर ने पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में इन किताबों को मंजूरी दी गई थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डोटासरा ने दिलावर के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया और उन्हें खारिज कर दिया। यह विवाद अब राजनीतिक तूल पकड़ रहा है, जिसमें राजस्थान की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप जारी हैं।

भजन मंडली के 7 सदस्यों की सडक़ दुर्घटना में मौत

भुवनेश्वर ,ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार तडक़े एक भीषण सडक़ हादसे में भजन मंडली के सात सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब भजन मंडली के सदस्य कीर्तन के बाद अपने घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, हादसे में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया है। सुबह करीब 2 बजे, भजन मंडली के सदस्य मारुति वैन से यात्रा कर रहे थे। एमसीएल–टोपरिया रोड पर वैन एक खड़े ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का मानना है कि हादसे का मुख्य कारण कोहरा था। कोहरे के कारण वैन चालक ट्रेलर को नहीं देख पाया और टक्कर हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान की जा रही है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एयर इंडिया की फ्लाइट में कारतूस मिलने से हडक़ंप, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

नई दिल्ली ,देश में लगातार बढ़ती हवाई यात्रा सुरक्षा चिंताओं के बीच एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एयर इंडिया की दुबई से दिल्ली आने वाली उड़ान में एक सीट की जेब से एक कारतूस मिला है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में भारतीय एयरलाइंस को बम धमकियों के कई मामले सामने आए हैं। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 27 अक्टूबर को उड़ान संख्या 916 दिल्ली पहुंची और जांच के दौरान यह कारतूस मिला। हालांकि, इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने इस मामले की सूचना तुरंत एयरपोर्ट पुलिस को दे दी है। यह घटना हवाई यात्रा सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजा धाम

उत्तरकाशी। चारधामों में प्रमुख गंगोत्री धाम के कपाट शनिवार को अन्नकूट पर्व पर शीतकाल के लिए दोपहर 12.14 बजे बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन पड़ाव मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होंगे। वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को भैयादूज पर्व पर दोपहर 12.05 बजे पर बंद होंगे। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के मौके पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हर–हर गंगे..जय मां गंगे के जयकारों से इस दौरान धाम गूंज उठा। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ मां भगवती गंगा के गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ शीतकालीन पड़ाव मुखबा लाया जाएगा। उधर, यमुनोत्री धाम में भी कपाट बंदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कल रविवार को यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां यमुना की उत्सव मूर्ति खरसाली गांव के लिए रवाना होगी।

जहां स्थित मां यमुना मंदिर में शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना कर सकेंगे। दोनों धामों के साथ शीतकालीन पड़ावों को फूलों से सजाया संवारा गया है।

भूकंप के झटकों से कांपी धरती, 5 सेकेंड तक हिलती रही धरती, घरों से बाहर निकले लोग

रांची ,झारखंड में शनिवार सुबह भूकंप के झटकों से लोग सहम गए। सुबह करीब 9.20 बजे आए भूकंप के झटके करीब 5 सेकंड तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई है। भूकंप का केंद्र खरसावां जिले से 13 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।

भूकंप के झटके जमशेदपुर , रांची के तमाड़ समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह के जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

विशेषज्ञों के अनुसार, भूकंप का कारण टेक्टोनिक प्लेटों का आपस में टकराना है। पृथ्वी टेक्टोनिक प्लेट्स पर स्थित है, जो तरल लावा पर तैरती रहती हैं। इन प्लेटों के टकराने से ऊर्जा निकलती है, जिससे धरती हिलती है और भूकंप आता है।

36 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा दोमंजिला सर्किट हाउस



रूद्रपुर। ऊधमसिंह नगर के गठन होने के 29 साल बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सर्किट हाउस का निर्माण किया जा रहा है। दो मंजिला भवन में सीएम सुइट के अलावा वीआईपी और अधिकारियों के लिए अलग से कक्ष बनाए जा रहे हैं। सर्किट हाउस को अगले साल जुलाई तक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में सर्किट हाउस नहीं है। इसके चलते रुद्रपुर में मुख्यमंत्री सहित अन्य वीआईपी के आगमन पर उनके रुकने की व्यवस्था होटल में की जाती है। लंबे समय से सर्किट हाउस की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने डीएम को जमीन की तलाश कर निर्माण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन ने सर्किट हाउस के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम के सामने युवा भवन से सटी 10650 वर्ग मीटर जमीन को चिह्नित किया था और इसके निर्माण का जिम्मा पेयजल निर्माण निगम को सौंपा गया। निगम ने फर्म का चयन कर कुछ समय पहले निर्माण शुरू कर दिया। निगम के सहायक इंजीनियर सुभाष भट्ट ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में अधिकारियों के लिए आठ सिंगल कक्ष, 70 लोगों की क्षमता का कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रेस मीट हॉल के साथ ही डायनिंग हॉल, वेटिंग रूम, मैनेजर ऑफिस बनाए जा रहे हैं। प्रथम तल में आठ वीआईपी डबल सुइट बन रहे हैं। द्वितीय तल में सीएम सुइट का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा दो वीवीआईपी सुइट बन रहे हैं। परिसर में पार्किंग का निर्माण भी हो रहा है। देहरादून की फर्म को निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है।

अमित शाह का नाम लेकर कनाडा ने की 'गलती' भारत ने कनाडा के प्रतिनिधि किए तलब

नई दिल्ली ,भारत ने कनाडा के एक मंत्री द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के बारे में की गई 'बेतुकी और निराधार' टिप्पणियों पर कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कनाडा में भारतीय राजनयिकों की 'ऑडियो और वीडियो निगरानी' की भी निंदा की।एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा,हमने शुक्रवार को कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब कियाज्उन्हें बताया गया कि भारत सरकार, विदेश उप मंत्री डेविड मॉरिसन द्वारा समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर किए गए बेतुके और निराधार संदर्भों पर सबसे मजबूत शब्दों में विरोध करती है।

इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मॉरिसन ने संसद सत्र के दौरान अमित शाह को सिख चरमपंथियों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों से जोड़ा। विदेश उप मंत्री ने कनाडा की नागरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा कमेटी को बताया कि उन्होंने 'वाशिंगटन पोस्ट' से शाह के नाम की पुष्टि की। उनसे पूछा गया था कि सरकार की ओर से 'वॉशिंगटन पोस्ट' को कनाडा में होने वाले अपराध में भारत के गृह मंत्री के शामिल होने के बारे किसने बताया था?' इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया था।इसके अलावा जायसवाल ने भारतीय दूतावास के अधिकारियों की ऑडियो–वीडियो निगरानी पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार ने सूचित किया कि वे ऑडियो और वीडियो निगरानी में हैं। उनके संचार को भी बाधित किया गया। हमने कनाडा सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध जताया है क्योंकि हम इन कार्यों को, प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कन्वेंशन का घोर उल्लंघन मानते हैं। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कर्मी पहले से ही उग्रवाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार की यह कार्रवाई स्थिति को और खराब करती है और स्थापित राजनयिक मानदंडों और प्रथाओं के खिलाफ है। कनाडा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह रद्द होने की खबरों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इस संबंध में कुछ रिपोर्ट देखी हैं।

प्लीज रुक जाओ मामी आ जाएंगी, कांग्रेस नेता का महिला के साथ अश्लील वीडियो वायरल

नई दिल्ली ,बागपत के कांग्रेस जिलाध्यक्ष का एक अश्लील वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें वह एक युवती के साथ अश्लील हरकत करते दिख रहे हैं। वीडियो में लड़ती बार बार कह रही है कि मामी आ जाएंगी। उसके बाद भी जिला अध्यक्ष उसे बार बार बुला रहे हैं।

यह मामला बागपत के बड़ौत थाना क्षेत्र का है। वीडियो में कांग्रेस नेता और एक युवती के बीच अश्लील बातचीत होती भी दिख रही है। जैसे ही यह वीडियो सार्वजनिक हुआ, नेता ने तुरंत इसका खंडन करते हुए कहा कि उसे बदनाम करने के लिए यह साजिश की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में उनके कई राजनीतिक विरोधी हैं जो उन्हें बदनाम करना चाहते हैं। नेता ने इसे साजिश बताते हुए एडिट करके वायरल करने की बात कही है। वहीं महिला का आरोप है की जिला अध्यक्ष युनुस चौधरी ने उसे आर्थिक मदद करने के लिए लिए बड़ौत बुलाया था, जहां पीड़िता के मामा का घर भी है। पीड़िता ने बताया की उसकी मां का देहांत हो गया है और उसके पिता बहुत बीमार रहते हैं। उसकी एक छोटी बहन और छोटा भाई है।

मैक्स दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत,11 घायल

लोहाघाट/चंपावत । पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहा मैक्स वाहन बिशंग देवखुरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक सहित 11 लोग घायल हो गए। घायलों को उपजिला अस्पताल लोहाघाट में उपचार किया गया।

दीपावली पर्व निपटने के बाद पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहा मैक्स वाहन बिशंग देवखुरा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में वाहन में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक सहित 11 लोग घायल हो गए। घायलों को उपजिला अस्पताल लोहाघाट में उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल चालक सहित तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया। पाटी से लोहाघाट की ओर आ रहा मैक्स यूके 03 टीए 0150 शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे बिशंग देवखुरा के पास अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गया। वाहन दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल और अन्य ग्रामीण मौके में पहुंच गए। इन्होंने वाहन के नीचे दबे चालक, अन्य घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए 108 से उप जला अस्पताल लोहाघाट भेजा। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में पाटी के भुम्वाड़ी निवासी महेश राम (55) पुत्र मोती राम की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

दुर्घटना में चालक पंकज कुमार (28) पुत्र प्रकाश राम निवासी करौली, महेश्वरी देवी (55) पत्नी हरीश राम, मुन्नी देवी (52) पत्नी सुंदर राम, सुंदर राम (59) पुत्र उमेद राम निवासी भुम्वाड़ी, कविता देवी (33) पत्नी मुकेश कुमार निवासी नरसिंहडांडा, सावित्री देवी (50) पत्नी महेश राम, रेखा देवी (31) पत्नी संजय कुमार, मोहित कुमार (7) पुत्र संजय कुमार, संजय कुमार (35) नरसिंहडांडा, मनोज (34) पुत्र घनश्याम, प्रदीप कुमार (33) पुत्र महेश राम निवासी भुम्वाड़ी पाटी घायल हो गए। उप जिला अस्पताल के डॉ. अजीम ने बताया कि महेश राम के अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल चालक पंकज और कविता देवी को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। लोहाघाट थाने के एसएसआई चेतन रावत ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। इधर चंपावत में प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया।

पीएम मोदी और मित्सोताकिस ने भारत–ग्रीस रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ग्रीक समकक्ष किरियाकोस मित्सोताकिस ने भारत–ग्रीस सामरिक साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प दोहराया है। ग्रीस के प्रधानमंत्री ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था।

इस बातचीत में दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने हाल की उच्च स्तरीय बैठकों के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई प्रगति की सराहना की और समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विचार–विमर्श किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, यह बातचीत शनिवार को हुई।

ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस ने जून में हुए लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की पुनर्निर्वाचित होने पर बधाई दी और भारत–ग्रीस संबंधों के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस बातचीत के बारे में लिखा, कल, पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस के साथ सार्थक बातचीत हुई। हमने भारत–ग्रीस सामरिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। हमारा लक्ष्य व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी में सहयोग को और मजबूत करना है। ग्रीस भारत का यूरोपीय संघ में एक महत्वपूर्ण साथी है।

इस बातचीत के दौरान, इस साल की शुरुआत में पीएम मित्सोताकिस की भारत यात्रा के फॉलो–अप के रूप में, व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई।

पीएमओ के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के विकास पर भी विचार किया और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों, खासकर पश्चिम एशिया में हो रहे बदलावों पर चर्चा की।

इस साल की शुरुआत में, ग्रीस के प्रधानमंत्री ने भारत का दौरा किया था और नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था। इस दौरे में दोनों नेताओं ने कनेक्टिविटी, खासकर समुद्री कनेक्टिविटी और आईएमईसी जैसे गलियारों के माध्यम से साझेदारी को महत्व दिया।

आईएमईसी पर हुई चर्चा भारत और ग्रीस के बीच मजबूत कनेक्टिविटी की दिशा में थी, जिसमें सभी संभावित विकल्पों पर विचार किया गया जो इस कनेक्टिविटी को और बेहतर कर सकते हैं।

पंजाब की हवा में जहर, आंखों में जलन और सांस लेना हुआ मुश्किल

पटियाला ,पंजाब में जल रही पराली और दूसरी तरफ दिवाली पर पटाखों से हुए प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना मुश्किल कर दिया है। राज्य में शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) भी खराब स्थिति में पहुंचने लगा है। दीपावली को पटाखे चलाने और पराली को आग लगाने के कारण अमृतसर, जालंधर और लुधियाना का एक्यूआइ एक समय 500 तक पहुंच गया। इस हवा में अगर स्वस्थ व्यक्ति भी सांस लेता है तो उसके लिए खतरनाक स्थिति हो सकती है। राज्य में शुक्रवार को भी कई शहरों में कुछ लोगों की ओर से दीपावली मनाई गई, ऐसे में एक्यूआइ और बढने़ की आशंका है। वहीं, वीरवार, पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई। राज्य में पराली जलाने के वीरवार को 484 और शुक्रवार को 587 मामले सामने आए, जोकि इस सीजन में एक दिन में पराली जलने के सबसे ज्यादा मामले हैं।

स्कूटी पर ले जा रहे 'प्याज बम' से भरी बोरी में जबरदस्त विस्फोट

एलुरु ,दिवाली के पर्व के दौरान आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक व्यक्ति अपनी स्कूटी पर प्याज बम लेकर जा रहा था, तभी अचानक विस्फोट हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना के वाहन के परखच्चे तक उड़ गए।

सुधाकर नामक एक व्यक्ति दिवाली के जश्न के लिए पटाखे खरीदने जा रहा था। उसने अपनी स्कूटी पर प्याज बम की एक बोरी रखी हुई थी। जब वह एक संकरी गली से गुजर रहा था, तब स्कूटी किसी गड्ढे में फंस गई और प्याज बम में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि सुधाकर की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ स्कूटी पर बैठा एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद अन्य लोगों को भी चोटें आईं।

यह घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि कई घरों के शीशे तक टूट गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आखिर प्याज बम में विस्फोट कैसे हुआ। पुलिस ने मृतक और घायलों के बयान दर्ज किए हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

पानी के बिल मत भरना, 2025 में माफ कर देंगे-केजरीवाल

दिल्ली। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसी को भी पानी के बिल भरने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2025 में फिर से सरकार बनते ही सभी के पानी के बिल माफ होंगे। उनके जेल जाने के बाद भाजपा वालों ने पानी के गलत बिल भिजवाए हैं। इनकी मंशा दिल्ली के लोगों को परेशान करने की है। फरवरी में आप की सरकार बना दो, सभी के पानी के मौजूदा बिल माफ कर दूंगा और दोबारा जीरो बिल आने शुरू हो जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि वे नेता नहीं हैं। उन्हें राजनीति करनी नहीं आती, सिर्फ ईमानदारी से काम करना आता है, तभी ये सारे पीछे पड़े रहते हैं। दिल्ली में भाजपा की केंद्र सरकार बैठी है, लेकिन केवल दिल्लीवालों को तंग किया है। उनके जेल जाने के बाद से एलजी दिल्ली चला रहे थे, उनके पास सारी शक्तियां थीं, वे चाहते तो दिल्लीवालों के लिए अच्छा काम करते। काम करने की जगह एलजी ने केवल काम रोका। दिल्ली में जगह–जगह कूड़ा कर दिया, सड़कें टूटी हैं व सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं। जेल से बाहर आने के बाद अब वे सारे काम ठीक कर रहे हैं। केजरीवाल वे यह नहीं कहते कि लोग उन्हें वोट दें, लेकिन वोट देने से पहले ये जरूर सोचें कि लोगों के लिए काम कौन कर रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के साथ आप विधायक दिलीप पांडेय, अजेश यादव, संजीव झा, पवन शर्मा और ओबीसी विंग के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र बालियान मौजूद रहे।

मेरे जीवन के 8 साल बिहार के लिए समर्पित हैं : प्रशांत किशोर

गया ,बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इस उपचुनाव में इंडी एलायंस और एनडीए के प्रत्याशियों के बीच टक्कर है। हालांकि, जन सुराज भी चुनावी मैदान में है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मीडिया से कहा है कि उनका फोकस सिर्फ बिहार है और अगले 8 साल तक वह सिर्फ बिहार की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने के काम करेंगे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार आज कल यह कहते हैं कि लालू प्रसाद के राज में गया शाम छह बजे बंद हो जाता था, हमारी सरकार आने के बाद व्यवस्था में बदलाव आया है। हम नीतीश कुमार से पूछना चाहते हैं कि गया, हैदराबाद, बैंगलोर जैसा कब बनेगा। बिहार में जाति की राजनीति पर प्रशांत किशोर ने कहा, जाति की राजनीति नहीं हो रही है।

रेलवे ने त्योहारी सीजन में यात्रियों को दी बड़ी राहत, छठ पूजा में बिहार के लिए चलाई 15 स्पेशल ट्रेनें

नई दिल्ली ,छठ पूजा के मौके पर रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। नियमित ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर जनरल डिब्बों में। छठ पूजा का पर्व चार नवंबर से शुरू हो रहा है और इस दौरान रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में काफी इजाफा होने की उम्मीद है। रेलवे की तरफ से विभिन्न स्टेशनों से 15 स्पेशल रेल गाडिय़ां चलाई हैं। जिससे यात्रियों को राहत मिल सकेंगी।

अमृतसर से कटिहार के लिए चलेगी ट्रेन

इनमें ट्रेन नंबर 04664 अमृतसर से कटिहार दो नवंबर को अमृतसर से दोपहर 13:25 बजे चलकर एक दिन बाद सुबह तीन बजे कटिहार पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04663 कटिहार से अमृतसर चार नवंबर को कटिहार से 6 बजे प्रस्थान करके अगले दिन रात आठ बजे अमृतसर पहुंचेगी। मार्ग में रेलगाड़ी ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारीकलां, अंबाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ अयोध्या कैंट, अकबरपुर, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, देसरी, बरौनी तथा खगडिय़ा रेलवे स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

इन ट्रेनों का भी होगी संचालन

इसी तरह से श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा– नई दिल्ली 04076 गुरुवार और सोमवार को 17 नवंबर तक, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–वाराणसी 04624 प्रत्येक रविवार 17 नवंबर तक, वाराणसी से श्री माता वैष्णो देवी 04623 प्रत्येक मंगलवार 19 नवंबर तक, जम्मू तवी–कोलकाता 04682 साप्ताहिक प्रत्येक मंगलवार को 14 नवंबर तक, कोलकाता–जम्मू तवी 04681 प्रत्येक गुरुवार को 14 नवंबर तक चलेगी।

इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत

अनिरुद्ध गौड़

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी – वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

हमारे देश के वनों में गर्मियों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायवर्सटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी – वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022–2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी–वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी–नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप–विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।

नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार–बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ।

अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 ङ्कढ्ढढ्ढक्रस् के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू–भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

भारत की बात करें तो सन 2010 में 31.3 मिलियन हेक्टर प्राकृतिक वन थे जो कि इसकी कुल भूमि का 11 फीसद था, लेकिन वर्ष 2023 में 134 किलो हेक्टेयर आद्र प्राकृतिक वन की हानि हो गई। वर्ष 2002 से 2023 के बीच भारत में 414 हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन खो दिए। इस तरह भारत में कुल 4.1 प्रतिशत वन क्षेत्रफल कम हो गया। जिसमें 2016 और 2017 में अधिक हानि हुई। वनों में आग लगने से बड़े पैमाने पर मानवीय, पर्यावरण और आर्थिक हानि होती है। इसलिए आग फैलने से रोकना बहुत ही जरूरी है। वनों की आग को नियंत्रित करने में वही पुराने साधन और संसाधनों से आग काबू पाने के लिए राज्यों के महकमे लगे हुए हैं। तकनीक से हम बेहतर तरीके से मॉनिटर कर पा रहे हैं, लेकिन विकसित देशों की तरह वनों की आग को काबू पाने के इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

तबाही के बाद ही होते हैं बचाव और सुरक्षा को लेकर सचेत

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसे हालात से बचा जा सके। हैरानी की बात है कि उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष आग लगने और उससे व्यापक नुकसान होने की घटनाओं के बावजूद इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती। इस बार फिर नैनीताल और उसके आसपास के जंगलों में आग लगी और फैल कर खतरनाक शक्ल ले चुकी है। बीते दो–तीन दिनों में कुमाऊं के जंगलों में पच्चीस से ज्यादा जगहों पर आग लग गई। वनाग्नि की इन घटनाओं में जहां करीब चौतीस हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है, वहीं नैनीताल और आसपास के इलाकों में पर्यटन कारोबार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। आग बुझाने के लिए भीमताल के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उस झील में पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ गई हैं। इससे इलाके की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग हुई बेकाबू, मदद के लिए जमीन पर उतरी सेना, हेलीकॉप्टर भी बुलाए गए ऐसा नहीं कि उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं। विडंबना है कि प्रत्यक्ष आशंका और खतरा होने के बावजूद गर्मी की शुरुआत के पहले सरकार की ओर से आग लगने के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर बचाव और आग को फैलने से रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा सके।

पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार का खतरा

मधु विश्नोई

कोरोना महामारी के दंश से दुनिया पूरी तरह से अब तक उबर भी नहीं पाई है। उस पर पिछले ढाई साल की अवधि में ही एक के बाद एक छिड़े तीन–तीन युद्धों के दौर से उसे जूझने को मजबूर होना पड़ रहा है। दो साल से अधिक समय से जारी रूस–यूक्रेन युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पिछले छह माह से इजरायल–हमास के बीच जारी संघर्ष भी रूक नहीं पाया। अचानक पिछले पखवाड़े में ईरान–इजरायल के बीच लड़ाई से तीसरा मोर्चा और खुल गया। हालांकि इस मोर्चे के फिलहाल शांत होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन ईरान समर्थित हिजबुल्लाह विद्रोही संगठन की ओर से इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में पैंतीस रॉकेटों के जरिए बोले गए ताजा हमले के क्या मायने हैं? ऐसे में पश्चिमी एशिया में छिड़े छद्म युद्ध के फिर व्यापक रूप लेने की आशंकाएं ऐसे छिपी हुई हैं मानो राख के ढेर में छिपी आंच। युद्ध पीड़ित गाजा में भुखमरी बढ़ रही है। चिकित्सा सुविधाएं ना के बराबर। पर्याप्त मानवीय सहायता भी प्रभावितों तक नहीं पहुंच पा रही। ऐसे में पहले से ही जलवायु संकट से उपजे हालात और खाद्यान्न आपूर्ति से जूझते विश्व को भीषण ऊर्जा संकट और महंगाई के दौर से गुजरने के लिए विवश होना पड़ सकता है। इजरायल–ईरान के बीच आरंभिक जंगी पहल से ही तेल के दाम 90 अमेरिकी डॉलर तक जा पहुंचे।

भविष्य में तेल के दामों की उछाल कहां तक पहुंच सकती है, अनुमान लगाया जा सकता है। युद्ध ने यदि अधिक विस्तार लिया तो ईरान होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग को रोक देगा। इस मार्ग के जरिए भारत सहित अन्य देशों को रोजाना सऊदी अरब से 63 लाख बैरल, यूएई, कुवैत, कतर और इराक से 33 लाख गैलन, ईरान से 13 लाख गैलन कच्चे तेल का निर्यात होता है। विश्व की बीस फीसदी एलएनजी का व्यापार होता है। बता दें कि ईरान–इजरायल के बीच तनावपूर्ण स्थिति तब बनी जब एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ था, जिसमें उसके कई बड़े सैन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इसका सीधा आरोप इजरायल पर लगा दिया था। वहीं इसके नेताओं ने इसके बदले इजरायल का धरती से वजूद मिटाने की कसमें तक खाईं। दो हफ्ते बीतने से पहले ही उसने इजरायल पर तीन सौ मिसाइलों के जरिए हमला बोल दिया। इस पर इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें अपने मजबूत एअर डिफेंस के जरिए नष्ट कर दीं। हालांकि मिसाइलों को नष्ट करने के बारे में अमेरिका का भी यह दावा है कि उसने इस बड़े हमले को ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर नाकाम कर दिया था। लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि पिछले कुछ दशकों के बाद ईरान ने पहली बार इजरायल पर हमला बोलकर चुनौती दी है इसके जवाब में इजरायल ने बमवर्षक ड्रोन और मिसाइलों के जरिए ईरान के बड़े सैन्य ठिकाने वाले शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में यह माना जाता है कि ईरान यहीं अपने परमाणु बम बनाने का काम कर रहा है। हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाजें सुनाई देने की बात कही गई है। हालाकि बहुत सालों पहले इजरायल इस शहर में अपने हमले बोल चुका है। ईरान ने अपना ताजा बयान जारी कर बताया है कि अब उसका इजरायल से बदला लेने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन इस बयान के बावजूद युद्ध के विस्तार की संभावनाएं तो अपने स्थान पर बनी हुई हैं। यह सर्वविदित है कि हमास और हिजबुल्लाह जैसे विद्रोही सैन्य बलों को ईरान से हर तरह की वित्तीय और सैन्य मदद मिलती आ रही है। इन्हीं के माध्यम से वह इजरायल के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ता आ रहा है। लेकिन गत 7 अक्टूबर को हमास की ओर से हुए अप्रत्याशित हमले में करीब बारह सौ इजरायली मारे गए थे और सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा को घेरकर हमास के खिलाफ जोरदार हमला बोल दिया था। जो आज तक जारी है। ईरान के हमले के पीछे एक प्रमुख वजह भी मानी जा रही है कि इजरायली सुरक्षा बलों ने हमास के एक बड़े कमांडर इस्माइल के तीन बेटों को मार गिराया था। ईरान के हमले के तुरंत बाद इजरायल ने गाजा में हमले और बढ़ा दिए हैं। रविवार को उसने रफाह शहर में जोरदार हमला बोला। इजरायल–हमास संघर्ष में अब तक बत्तीस हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब बहत्तर हजार घायल हुए। अस्सी फीसदी आबादी को विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दोनों देशों के बीच नई जंग छिड़ने के बाद इजरायल की यह रणनीति सफल रही कि उसने 7 अक्टूबर को हमास के आतंकी हमले के पीछे ईरान को सामने पाया। तो दूसरी ओर इजरायल पर हुए हमले में ईरानी मिसाइल कार्यक्रम की कमजोरी भी उजागर हुई।

युद्ध पीड़ित गाजा में भुखमरी बढ़ रही है। चिकित्सा सुविधाएं ना के बराबर। पर्याप्त मानवीय सहायता भी प्रभावितों तक नहीं पहुंच पा रही। ऐसे में पहले से ही जलवायु संकट से उपजे हालात और खाद्यान्न आपूर्ति से जूझते विश्व को भीषण ऊर्जा संकट और महंगाई के दौर से गुजरने के लिए विवश होना पड़ सकता है। इजरायल–ईरान के बीच आरंभिक जंगी पहल से ही तेल के दाम 90 अमेरिकी डॉलर तक जा पहुंचे। भविष्य में तेल के दामों की उछाल कहां तक पहुंच सकती है, अनुमान लगाया जा सकता है। युद्ध ने यदि अधिक विस्तार लिया तो ईरान होर्मुज जलडमरू मध्य मार्ग को रोक देगा।

आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है।

उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा–मर्यादा और नियम–कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा–सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या–क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय–धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष–रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया।

अमेरिकी चुनाव सचमुच धड़कन बढ़ाने वाला

हरिशंकर व्यास

यों कोई भी देश हार्ट अटैक से नहीं मरा करता। सभ्यता–संस्कृति अचानक मुर्दा नहीं बनती। सभ्यता–संस्कृति की मौत की वजह हमेशा असुरी–बर्बर सेनाएं हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप, हिटलर पैदा हो जाएं तो वह राष्ट्र विशेष बरबाद जरूर होगा पर मरेगा नहीं। बावजूद इसके अमेरिका में जरासंध यदि राष्ट्रपति हुआ तो उसका विभाजित और खोखला होना तय है। पुतिन, शी जिनफिंग, किम जोंग उन, तालिबानी आदि उन सभी असुरी शैतानों की पौ बारह होगी जो अवसर की प्रतिक्षा में हैं।

याद रखें ट्रंप ने ही तालिबानियों को न्योत कर उनसे करार किया था। क्या परिणाम निकला? तालिबानी पूरे अहंकार से अफगानिस्तान में काबिज हैं। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप उस सनक, उस अहमन्यता का प्रतीक हैं, जिसके 'मैं' में अमेरिका कैद होगा। उनको इस चुनाव में ईसाई कैथोलिक, कट्टरपंथी गोरों के धुव्रीकरण से शक्ति प्राप्त है। इसकी धुरी में यह विचार है कि कुछ भी हो जाए एक अश्वेत, महिला तथा मूल दक्षिण एशियाई चेहरे (सभ्यता–संस्कृति में बाहरी) को अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बनने देना है!

तभी पिछले डेढ़ महीने में अमेरिका में वह होता हुआ है, जिसकी कल्पना नहीं थी। मैंने आम धारणा के विपरीत 2020 में डोनाल्ड ट्रंप बनाम बाइडेन के मुकाबले में बाइडेन के जीतने की संभावना मानी थी। तब लिखते हुए मेरा तर्क था कि अमेरिका में स्वतंत्रता–बुद्धि का विवेक चुनाव में लौटा है। खतरे की चिंता में उन्हें हराने का भभका एक शक्ल पा गया है। वैसा इस बार भी, कमला हैरिस की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद था। और मेरा अब भी मानना है कि आम जनता के वोटों, पोपुलर वोट में कमला हैरिस की हवा होगी लेकिन वे इलेक्टोरल वोटों याकि राज्यवार विशिष्ट मतदाता समूहों के प्रतिनिधियों में ट्रंप से आगे रहेंगी, इसके शक है।

ट्रंप का जीतना अमेरिका के लिए आत्मघाती होगा और दुनिया के लिए बुरा। अमेरिका में ट्रंप उर्फ जरासंध का नए रूप, नई जिद्द से शासन होगा! वे देश के भीतर अपने 'दुश्मनों' से बदला लेंगे। अमेरिका को तेरे–मेरे में बांटेंगे। कट्टरपंथी गोरे, कैथोलिक ईसाई धर्म के नाम पर वह व्यवहार, वे प्राथमिकता बनाएंगे, जिससे अमेरिका का मूल आधार बिखरेगा! अमेरिकी सभ्यता–संस्कृति का मूल आधार व्यक्ति की स्वतंत्रता, सभी को समान अवसर तथा बुद्धि–ज्ञान–विज्ञान, उद्यमशीलता और सृजनात्मकता से समाज, प्रशासन तथा नागरिक जीवन का संचालन है। अमेरिकी राजनीति की खूबी है जो अनुदारवादी रिपब्लिकन और उदारवादी डेमोक्रेटिक दो पार्टियों में जनमानस के लिए समय–समय पर ऑल्टरनेटिव विकल्प उपस्थित होता है। और कोई भी राष्ट्रपति आठ वर्ष से अधिक व्हाइट हाउस में नहीं रह सकता। इसलिए सियासी प्रतिस्पर्धाओं, नेताओं के अहंकार के बावजूद न कोई राष्ट्रपति हमेशा के लिए चक्रवर्ती राज का जरासंध जैसा सपना पाल सकता है और न बुद्धि और लोक चेतना पर ताले लग सकते हैं।

मैं रिचर्ड निक्सन–जेराल्ड फोर्ड और जिमी कार्टर के समय से अमेरिका के हर राष्ट्रपति चुनाव को ऑब्जर्वर करता रहा हूं। हर चुनाव के आगे पीछे चुनाव पर लिखा भी है। इस दौरान के दस राष्ट्रपतियों में डोनाल्ड ट्रंप वह शख्स हैं, जिससे आशा और निराशा का भंवर बना। और वह भंवर अब अमेरिका का भंवर होता लगता है। लाख टके का सवाल है डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिका वापिस विभाजित कैसे हुआ?

जबकि पिछले चार वर्षों में यानी छह जनवरी 2020 को अमेरिकी संसद पर हमले से लेकर डोनाल्ड ट्रंप पर दायर मुकद्मों का चि्रा जगजाहिर है। साथ ही ट्रंप खुले आम वह सब बोल रहे हैं, जो अमेरिकी–पश्चिमी सभ्यता–संस्कृति के उन मूल्यों, प्राथमिकताओं और तासिर के खिलाफ है, जिन्हें उसने पुनर्जागरण के बाद अपनाया है। अमेरिका को वे मध्यकाल के चर्च–राज्य की साझा राजनीति में ले जा रहे हैं। अमेरिकी संविधान, व्यवस्था, संस्थाओं की स्वतंत्रता, चेक–बैलेंस की जगह उन्हें हिटलरशाही रास है। वे सबको ठोक देने, सबको देख लेने की ऐसी बातें कर रहे हैं, जो नस्लीय हैं, बदले की भावना में हैं। तभी अमेरिका फर्स्ट की जगह रियलिटी ट्रंप फर्स्ट की है।

इसलिए मैं बार–बार यह भी बूझ रहा हूं कि अमेरिकियों में मन ही मन क्या डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चिढ़, नफरत नहीं हुई होगी? ट्रंप बनाम बाइडेन के मुकाबले में उम्र के तकाजे में लोगों के दिल–दिमाग में बाइडेन क्लिक नहीं थे और उन्होंने अचानक अपनी जगह कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया तो स्वयंस्फूर्त चौतरफा कमला हैरिस की वाह बनी। वह कैसे डोनाल्ड ट्रंप की उज्जड़ता के बावजूद मिटी मानी जा रही है? चुनाव कोई भी हो, कहीं भी हो, उसमें भावनाओं के अखाड़े ही हुआ करते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों में बौद्धिक चेतना का जरूर रोल हुआ करता है। इस नाते अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ भावना उपस्थित तो दिखती है। ट्रंप को हर हाल में हराने की चाहना में ही बाइडन ने रिटायर हो कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया। डेमोक्रेटिक पार्टी ने झूमते हुए ठप्पा लगाया। पार्टी का हर पूर्व राष्ट्रपति, सभी बड़े नेता कमला हैरिस का प्रचार कर रहे हैं।

मेरा मानना है इसमें कमला हैरिस का जादू कम है और डोनाल्ड ट्रंप को हराने के इरादे का जज्बा अधिक है। तभी यह अकल्पनीय बात है कि पूंजीपतियों की पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप को चंदा कम मिला है, जबकि कमला हैरिस को रिकॉर्ड तोड चंदा मिला है। कमला हैरिस को जितनी हस्तियों ने मंच पर आ कर समर्थन दिया है वह भी एक रिकॉर्ड है।

1000 करोड़ पर अजय देवगन–रोहित शेट्टी की नजर

अजय देवगन और रोहित शेट्टी की जोड़ी जब भी साथ आती है तो खूब धमाल मचाती है. दोनों की फिल्मों को फैंस बहुत पसंद करते हैं. अब अजय देवगन और रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स की सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं. फिलम में अजय देवगन और करीना कपूर लीड रोल में हैं. इसके अलावा कई और भी स्टार्स हैं. मूवी 1 नवंबर को रिलीज होगी.

फिल्म का भूल भुलैया 3 से क्लैश होने वाला है. सिंघम अगेन को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. फिल्म की कहानी को रामायण से जोडक़र दिखाया गया है. फिल्म कितना कमाती है ये जानने के लिए फैंस बेसब्र हैं.

अजय और रोहित पहली बार 2003 में फिल्म जमीन से साथ आए थे. ये फिल्म फ्लॉप हो गई थी. अजय और रोहित का चार्म इस फिल्म में चला नहीं था. इसके बाद 2006 में दोनों गोलमाल में साथ दिखे और ये फिल्म खूब पसंद की गई और हिट हुई. हालांकि, उनकी तीसरी फिल्म संडे फ्लॉप रही. लेकिन के बाद उन्होंने फेलियर का स्वाद नहीं चखा.

उनकी पहली फिल्म जो 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई वो थी गोलमाल 3. वहीं उनकी हाइएस्ट ग्रोसिंग फिल्म है गोलमाल अगेन, जिसने 205.72 करोड़ की कमाई की थी. अभी तक अजय और रोहित की फिल्मों ने टोटल 800 करोड़ के आसपास कमाई कर ली है और अब सिंघम अगेन के साथ दोनों 1000 करोड़ पर नजर जमाए हुए हैं.

बता दें कि सिंघम अगेन में अजय और करीना के अलावा टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे. फिल्म के ट्रेलर को फैंस ने खूब प्यार दिया.

भोजपुरी अदाकारा आकांक्षा पुरी ने ब्लू बिकिनी में गिराई बिजली

साउथ और टीवी इंडस्ट्री में अपनी अदाओं से राज करने वाली एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने टीवी शो मीका दी वोटी में खूब लाइमलाइट बटोरी थी. इन सबके अलावा वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. खुद से जुड़े अपडेट्स शेयर करती रहती हैं.

अदाकारा आकांक्षा पुरी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक बेहद हॉट और बोल्ड वीडियो शेयर किया है, जिसने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है. इस वीडियो में आकांक्षा ब्लू बिकिनी में स्विमिंग पूल में बेहद कातिलाना अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं. उनके खुले बाल और सन ग्लासेस उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं.

भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास का एलान किया

अनुभवी भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है जिससे उनके 17 साल का करियर समाप्त हो गया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया।

अनस ने कहा– अब समय आ गया है कि मैं अपने पेशेवर फुटबॉल को अलविदा कह दूं। मलाप्पुरम के स्टेडियम से लेकर भारत के स्टेडियमों तक चली यह यात्रा सपने का सच होना रही। इस दौरान उतार–चढ़ाव के दौरान मेरे परिवार, कोच, टीम के साथी और प्रशंसकों का धन्यवाद जिन्होंने मुझे जरूरत पड़ने पर सहारा दिया। फुटबॉल ने मुझे इतना दिया है। मैं हर पल के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।

मिर्जापुर द फिल्म का धांसू टीजर हुआ रिलीज, बड़े पर्दे पर होगा भौकाल, गद्दी के लिए होगा मौत का खेल

मिर्जापुर द फिल्म की घोषणा कर दी गई है। फरहान अख्तर ने इंस्टाग्राम पर आखिरकार लंबे समय से चल रही अटकलों की पुष्टि करते हुए खुलासा कर दिया है कि मिर्जापुर पर फिल्म बनाई जा रही है। फिल्म निर्माता जो सीरीज के सह–निर्माता भी हैं।

उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु का भौकाल देखने को मिल रहा है। फिल्म की घोषणा भी बिल्कुल मिर्जापुर स्टाइल में कि गई है। उन्होंने खुलासा किया कि छोटे पर्दे का जादू अब बड़े पर्दे पर भी छाएगा। वहीं मिर्जापुर द फिल्म की स्क्र में जबरदस्त बदलवा देखने को मिलने वाला है।

वेब सीरीज मिर्जापुर सीजन 3 की रिलीज के महीनों बाद निर्माताओं ने अब मिर्जापुर द फिल्म की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया पर प्राइम वीडियो इंडिया ने पंकज त्रिपाठी, अली फजल, अभिषेक बनर्जी और दिव्येंदु पर आधारित एक वीडियो शेयर कर तहलका मचा दिया है। 2 मिनट से ज्यादा लंबे इस वीडियो में दिव्येंदु की वापसी का भी संकेत दिया गया है, जिन्होंने वेब सीरीज में मुन्ना त्रिपाठी का किरदार निभाया था। दूसरे सीजन में उनके किरदार को मार दिया गया था और तीसरे में व दिखाई नहीं दिए थे। इस बार मिर्जापुर की गद्दी के लिए गुड्डू पंडित और मुन्ना भैया के बीच खतरनाक वॉर देखने को मिलने वाली है।

पंत बने नंबर–1 विकेटकीपर! एमएस धोनी का बड़ा रिकॉर्ड तोड़कर रच दिया नया कीर्तिमान

नई दिल्ली।भारतीय टीम इस समय मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी टेस्ट खेल रही है। पहली पारी में कीवियों को 235 रनों पर आउट करने के बाद घरेलू टीम ने 265 रन बनाए। पहली पारी में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने में ऋषभ पंत भी शामिल थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना 13वां अर्धशतक लगाकर इतिहास रच दिया। ऋषभ पंत ने 59 गेंदों पर 60 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 2 छक्के शामिल थे। पंत अब टेस्ट क्रिकेट में 100 से अधिक के स्ट्राइक रेट से पांच अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं।

दूसरे दिन समय से पहले क्यों लंच ब्रेक पर गए सभी खिलाड़ी?

नई दिल्ली। मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 143 रन की लीड हासिल कर ली है। स्टंप्स तक कीवी टीम ने दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 171 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा ने चार विकेट, जबकि आर अश्विन को तीन विकेट मिले। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 263 रन बनाए, जिस वजह से टीम को 28 रन की लीड मिली।

न्यूजीलैंड की तरफ से एजाज पटेल ने पांच विकेट चटकाए। दूसरे दिन के खेल के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से मैच को रोकना पड़ा और लंच ब्रेक समय से पहले करने का फैसला लिया गया। आइए जानते हैं क्यों दूसरे दिन के खेल के दौरान समय से पहले लंच ब्रेक हुआ?

एक नजर

लोक कलाकार सोसायटी की सरोज बनी अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः लोक कलाकार सोसायटी की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में सरोज रावत को अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में शनिवार को स्थानीय बारातघर के सभागार में आयोजित बैठक में गठित नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अतिरिक्त हरीश काला को महासचिव, सुनील घिल्डियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लज्जू रावत को उपाध्यक्ष, दिनेश बौंठियाल को सचिव, ओमप्रकाश कबटियाल को कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र भंडारी को सांस्कृतिक सचिव, मातवर सिंह रावत को सहसचिव और प्रकाश मोहन गढ़वाली को निदेश चुना गया। इस दौरान प्रकाशदीप द्विवेदी, संदीप वर्मा, दर्शन लाल, गबर सिंह और आनंदमणी जखमोला सहित अन्य लोक कलाकार मौजूद रहे।

वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जुयाल का निधन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जुयाल के असामयिक निधन से उनके गृहक्षेत्र धुमाकोट नैनीडांडा में शोक व्याप्त है। बीते शुक्रवार शाम को उपचार के समय देहरादून के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। नैनीडांडा ब्लाक के बसोली गांव के मूल निवासी दिनेश जुयाल वर्तमान में देहरादून में निवास कर रहे थे। पत्रकारिता के शिखर पर पहुंचे दिनेश जुयाल कई दैनिक अखबारों के संपादक रहे। जनपक्षीय पत्रकारिता के उच्च मानदंड के साथ काम करते हुए उन्होंने कभी भी अपनी सोच व विचारधारा के साथ समझौता नहीं किया। उनके असामयिक निधन से उनके गृहक्षेत्र में शोक की लहर है। लैसडौंन विधायक दिलीप रावत, कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप, ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख सुरेंद्र बिष्ट, संजय गौड़, बीरेंद्र पटवाल, राजे सिंह उनियाल, गिरीश गौड़, राकेश कुमार ध्यानी, जनार्दन सुंद्रियाल आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस परिवार ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मान भावभीनी विदाई दी। गुरुवार को देवेन्द्र पींचा द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में अपर उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, अपर उपनिरीक्षक अभिसूचना गिरीश चन्द्र सिंह नयाल को सेवानिवृत्ति तथा अपर उपनिरीक्षक अशोक कुमार व अपर उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र को ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस लाईन अल्मोड़ा के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभवों को उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से साझा किया गया। एसएसपी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के पुलिस विभाग में नियुक्त रहते हुए उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत, लगन व ईमानदारी से किये गये कायी की सराहना की गई और सेवानिवृत्त जीवन में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने व स्वयं को व्यस्त रखते हुए अपने परिवार को समय देने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त उनको फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह का मंच संचालन अपर उपनिरीक्षक दामोदर कापड़ी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीएफओ अल्मोड़ा नरेन्द्र कुंवर, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के परिजन मौजूद रहे।

स्टेशन की केबल चुराई, तीन घंटे कंप्यूटर से नहीं बन सके टिकट

रुद्रपुर। चोरों ने रात रेलवे स्टेशन की इलेक्ट्रिक कॉपर केबल काटकर चुरा ली। इस कारण सुबह तीन घंटे तक लोगों को कंप्यूटर से टिकट नहीं मिल सके। रेलवे कर्मचारियों ने मैनुअल टिकट बनाए, लेकिन यह अधिकांश यात्रियों के नहीं बन सके। बाद में लालकुआं से आए रेलवे के इलेक्ट्रीशियन ने नई केबल जोड़कर सप्लाई को सुचारू किया। इसके बाद टिकट वितरण का कार्य शुरू हो पाया।

रेलवे ने लालकुआं की आरपीएफ चौकी में चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। बुधवार रात चोरों ने रेलवे स्टेशन की छत पर चढ़कर मेन सप्लाई से टिकट वितरण कक्ष की तरफ जा रही लगभग साठ मीटर इलेक्ट्रिकल कॉपर केबल को काट लिया। इस कारण गुरुवार सुबह टिकट वितरण कक्ष के कम्प्यूटर में बिजली की सप्लाई सुबह 6.35 से 9.35 बजे तक ठप रही।

डामरीकरण की गुणवत्ता पर सवाल, बिछाते ही उखड़ने लगा डामर

● दियोड़-गाड़ियूं-पाणीसैंण-मैंदणीसारी मोटर मार्ग पर बिछाया गया डामर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः बेहतर सुविधा के नाम पर किस तरह खेल होता है इसका जीता जागता उदाहरण रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत दियोड़-गाड़ियूं-पाणीसैंण-मैंदणीसारी मोटर मार्ग में बडियार गांव से दियोड़ के बीच किया गया डामरीकरण कार्य है। हालत यह है कि डामर बिछाने के साथ ही जगह-जगह उखड़ने लगा है। ऐसे में ग्रामीण गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बदहाल सड़क के डामरीकरण के लिए ग्रामीण लगातार मांग उठा रहे थे। जिसके बाद डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया बिनीता ध्यानी ने कहा कि लोनिवि लैंसडौन की ओर से दियोड़-गाडियूं-पाणीसैंण-मैंदणीसारी 28 किमी मोटर मार्ग पर पिछले वर्ष से कार्य चल रहा है। वर्तमान में बडियार गांव से दियोड़ तक डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। स्थिति यह है कि डामर बिछने के साथ ही उखड़ना भी शुरू हो गया है। कहा कि मार्ग पर पैदल आवाजाही करने में ही डामर उखड़ रहा है।कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा डामरीकरण के लिए मैटेरियल हरिद्वार से लाया जा रहा है। हरिद्वार से कार्यस्थल तक मैटीरियल को पहुंचने में 12 घंटे लग रहे हैं। तब तक कोलतार ठंडा होने के कारण पकड़ नहीं कर पा रहा है, जिससे बिछने के बाद वह उखड़ रहा है। मार्ग पर कई जगहों पर डामर उखड़ने से बजरी के ढेर लगने से वाहन फिसल रहे हैं। कहा कि इससे पूर्व पीएमजीएसवाई ने पिछली पंचवर्षीय योजना में 10.64 करोड़ की लागत से मार्ग का निर्माण किया था। तब भी

दियोड़-गाड़ियूं-पाणीसैंण-मैंदणीसारी मोटर मार्ग में बिछाया गया डामर

ग्रामीणों ने मार्ग की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। लोनिवि लैंसडौन के ईई विवेक कुमार ने कहा कि कार्यदायी संस्था को डामरीकरण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जहां डामर उखड़ा है, वहां दोबारा डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

लगातार बढ़ रही गुलदार की धमक, घरों में कैद हुए ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुठेर्ता व आसपास के क्षेत्र में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। हालत यह है कि लगातार बढ़ रही गुलदार की धमक से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। गुलदार लगातार मवेशियों को भी अपना निवाला बना रहा है। दो दिन पूर्व गुलदार कोटा लल्ला क्षेत्र में दिखाई दिया। एक दिन पूर्व शाम को गुलदान ने ग्राम पडेरा में एक बकरी को अपना निवाला बना दिया था। ग्राम प्रधान मीनाक्षी देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को कोटा तल्ला में पटाखे जला रहे बच्चों को गुलदार दिखाई दिया। इससे पहले कि वह बच्चों पर हमला करता बच्चों ने शोर मचा दिया, जिस पर गुलदार वहां से भाग गया। वहीं शुक्रवार शाम को गुलदार ने पडेर गांव में घर के पास बकरियां चुगा रहे धीरेंद्र सिंह की एक बकरी को मार डाला। उन्होंने बताया कि गुलदार लगातार दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इससे पूर्व गत 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर अपनी मां के साथ ननिहाल आए पांच साल के मासूम आदित्य को गुलदार ने मार डाला था। घटना के बाद वन विभाग ने 26 अगस्त को एक गुलदार को पिंजरे में कैद कर लिया था। वहीं तीन सितंबर को दूसरे गुलदार को टैंकुलाइज कर लिया गया। ग्रामीण वन विभाग से ग्रामीणों को गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहे हैं।

नलकूप खराब, पानी को तरसे काशीरामपुर वासी

पिछले तीन दिन से खराब पड़ा है क्षेत्र का नलकूप

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भले ही धीरे-धीरे मौसम सर्द होने लगा हो। लेकिन, क्षेत्र में पेयजल संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा। हालत यह है कि काशीरामपुर क्षेत्र में नलकूप खराब होने से पेयजल संकट बना हुआ है। पानी की तलाश में वार्डवासियों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

काशीरामपुर तल्ला स्थित नलकूप से करीब चार हजार परिवारों को पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन, पिछले तीन दिन से नलकूप खराब होने के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ है7 जिससे वार्डवासियों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्रवासी पानी की तलाश में इधर उधर भटकने के लिए

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत काशीरामपुर क्षेत्र में पेयजल टैंकर से पानी भरते क्षेत्रीय जन

मजबूर हो रखे हैं। पूर्व पार्षद सूरज प्रसाद कांति ने बताया कि नलकूप की मोटर बहुत पुरानी होने के कारण बार-बार फुंक जाती है, कहा कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप से भी बता चुके हैं। हालांकि, जलसंस्थान की तरफ से टैंकरों के माध्यम से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन पानी की खपत को देखते हुए टैंकरों का पानी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि समस्या का जल्द समाधान न होने पर वार्डवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इधर, विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा ने बताया कि मोटर की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया कि जल्द ही पेयजल व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी।

बस अड्डे में घूम रहे बच्चों को स्वजनों के सुपुर्द किया

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पौड़ी पुलिस की आपरेशन स्माइल टीम ने कोटद्वार बस अड्डे में घूम रहे दो बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता प्राप्त की है। जिस पर परिजनों ने आपरेशन स्माइल टीम का आभार व्यक्त किया है। कोतवाल रमेश तनवर ने शनिवार को बताया कि स्थानीय निवासी रमेश चंद द्वारा शुक्रवार को ऑपरेशन स्माइल टीम को दो छोटे बच्चों के कोटद्वार बस अड्डे पर लावारिस हालात में घूमने और और परेशान होने की सूचना दी गई। इस सूचना पर ऑपरेशन स्माइल टीम कोटद्वार बस अड्डा पहुंची जहां तलाश करने पर दोनों बच्चे लावारिस हालत में घूमते मिले। इस पर दोनों बच्चों को रेस्क्यू कर एएचटीयू कार्यालय लाया गया और सीडब्ल्यूसी के समक्ष उनकी काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान बच्चों ने खुद को रायबरेली निवासी होना बताया। ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा नजीबाबाद रेलवे पुलिस की मदद से दोनों बच्चों के परिजनों का पता लगाया और शनिवार को एएचटीयू कार्यालय कोटद्वार बुलाकर दोनों बच्चों को सकुशल उनकी माता व चाची के सुपुर्द किया गया। इस पर परिजनों द्वारा ऑपरेशन स्माइल टीम व पौड़ी पुलिस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक सुमनलता,मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह,आरक्षी दिनेश सिंह, मुकेश डोबरियाल, विद्या मेहता और सत्येंद्र लखेड़ा आदि शामिल थे।

अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर संघर्ष समिति ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने पीपीपी मोड़ पर संचालित हो रहे जिला अस्पताल पर अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया है। समिति ने जल्द ही अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग उठाई है। कहा कि जल्द विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं होने पर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को प्रेस को जारी बयान में समिति के संयोजक नमन चंदोला ने कहा कि पौड़ी कि जनता लंबे समय से जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग कर रही है लेकिन चिकित्सा विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि पहले तो राज्य सरकार ने पौड़ी जिला अस्पताल को पीपीपी मोड में इंद्रेश हॉस्पिटल को स्वत स्थानांतरित कर दिया लेकिन पीपीपी मोड में जाने के बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो पाई।

छोटी छोटी समस्याओं के लिए भी मरीजों को अन्य अस्पतालों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। कहा कि सरकार, प्रशासन को कई बार जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं निकला है। जनता विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग कर रही है लेकिन ना ही सरकार और ना ही जिला प्रशासन इस ओर गंभीर है। कहा कि अस्पताल कि अव्यवस्थाओं के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी और जिला प्रशासन का घेराव किया जाएगा।

परम्परागत तरीके से शुरू हुआ मैला, उमड़ी भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः विकासखंड कोट के कांडा गांव में स्थित सिद्धपीठ मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर में लगने वाले कांडा मेला शनिवार को परम्परागत तरीके के साथ शुरू हुआ।

इस दौरान मजीन कांडा मेला समिति एवं मंदिर के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष देव-पूजन किया गया।

पूजा-अर्चना के साथ मंदिर के कपाट सुबह करीब 7:30 बजे पुजारियों द्वारा भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए है। कांडा मेले को लेकर पहले दिन ही बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर मंजूघोषेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन किए। मेले में आस-पास के छह दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों के साथ ही प्रदेश तथा देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पहुंचे। मजीन कांडा सेवा समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष बांटी जाने वाली झंडियों में इस वर्ष लगभग 50 झंडियां मेला समिति ने वितरित की हैं। मेला समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने बताया कि निशान चढ़ाने का सिलसिला छोटे कांडा से शुरू हुआ है, जो रविवार को बड़े कांडा के दौरान भी जारी रहेगा। कांडा गांव से ठीक 11:30 बजे पर धारकोट तल्ला ऋषिकेश का पहला निशान पहुंचा। जिसके बाद करीब 2:20 बजे मां मंजू देवी की डोली मंदिर में पंहुचने के बाद निशानों को चढ़ाने का सिलसिला शुरू हुआ।

यूथ क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः दीपावली पर्व पर यूथ क्लब श्रीनगर की ओर से नगर श्रेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर और मलिन बस्तियों में जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में संयुक्त चिकित्सालय श्रीनगर के डा. शुभम बंगवाल और डा. शंशाक मंमगाई द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गयी। इस दौरान डा. बंगवाल ने सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। मौके पर कबाड़ बीनकर जीवन यापन करने वाले बच्चों को उपहार स्वरूप शिक्षण सामग्री,पटाखे व मिठाई दी गई। शिविर में शिक्षक महेश गिरि और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रदीप अंथवाल ने युवाओं की शानदार पहल के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर प्रियंका खत्री, अंकुश, आकाश ,अभिनव, सार्थक, वैष्णवी, रितिक, सुंदरम्, मीमासा चमोली, नरेश पंवार आदि मौजूद रहे।

वैलकेयर सोसाइटी ने बांटे सेनेटरी पेड, किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः एजुकेशन वैलफेयर सोसाइटी की ओर से दुर्गापुर व खूनीबड़ क्षेत्र में सेनेटरी पैड वितरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया।

भाजपा नेता गौरव जोशी के नेतृत्व में टीम ने खूनीबड़ स्थित भीमराव अंबेडकर बस्ती क्षेत्र में मिष्ठान व सेनेटरी पेड वितरण अभियान चलाया। गौरव जोशी ने बताया कि सोसाइटी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। उनका मुख्य उद्देश्य समाज को बेहतर दिशा की ओर ले जाना है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के जन संपर्क अधिकारी मनिराम शर्मा ने महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि महिलाएं योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार को अपना सकती है। उन्होंने महिलाओं को समूह बनाकर स्वरोजगार

कोटद्वार के दुर्गापुरी में सेनेटरी पेड वितरित करते संस्था के सदस्य

शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया। सोसाइटी की सदस्यों ने महिलाओं को सेनेटरी पेड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। काहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। इस मौके पर शिवानी जोशी, प्रमोद केष्टवाल, सिमरन बिष्ट, आयुष त्रिपाठी, सुमित नेगी, बबीता अनुज आदि मौजूद रहे।

विकास के मुद्दों की अनदेखी पर मंच ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार के बेहतर विकास के मुद्दों को अनदेखा करने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार को कोटद्वार के बेहतर विकास के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। शनिवार को व्यापार मंडल के सभागार में चंद्रप्रकाश नैथानी की अध्यक्षता में नागरिक मंच की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कोटद्वार की जन समस्याओं का समाधान न किए जाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि व सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते विधानसभा की ज्वलंत समस्याएं जस की तस बनी हुई है। कहा कि एक जमाने में हजारों लोगों को रोजगार देने वाले फ्लशडोर फैक्ट्री हिटलरशाही की भेंट चढ़ चुकी है। कोटद्वार में सीवरेज की व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं व बेस चिकित्सालय में एनेस्थिया की कामचलाऊ व्यवस्था की गई है।

लगातार घटते भूमिगत जलस्तर पर भी चंता जताई है। कहा कि अब एडीबी के सहयोग से बाहरी कपंनियों के माध्यम से भूमिगत जल के दोहन की तैयारी की जा रही है। नागरिक मंच ने आनलाइन टेंडर की व्यवस्था को स्थानीय ठेकेदारों के हितों पर कुठाराघात बताया। कि आनलाइन टेंडर व्यवस्था ने स्थानीय ठेकेदारों व श्रमिकों की रोजी रोटी छीन ली है। इस मौके पर बचास्पति बहुखंडी, शंकर दत्त गौड़, सत्यनारायण पांडे, महावीर सिंह रावत, राजेंद्र पंत, अतुल भट्ट, मदन मोहन भारद्वाज मौजूद रहे।

रेस्टोरेंट व पिकअप वाहन में लगी आग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के अंतर्गत जशोधरपुर क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग से स्टोरेंट में बनी घास व लकड़ी की छह हट जलकरख-ाक हो गई। वहीं, गड़घाट में एक पिकअप जल गया। मौके पर पहुंचे दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के एफएसओ रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि जशोधरपुर रेस्टोरेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई थी। आग से डंगवाल रेस्टोरेंट में घास व लकड़ी से बनी छह हट जल गई थी। वहीं, गाड़ीघाट परमेश्वरी पैलेस के समीप आग से बोलेरो पिकअप जल गई। कहा कि दोनों घटनाओं में आग का कारण जलता हुआ पटाखा था।

झनकट का पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

रुद्रपुर। खटीमा में झनकट के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पर एक युवक को लाइसेंसी रिवाल्वर से जान से मारने की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने असलहा भी बरामद कर लिया है। नगरा तराई निवासी नीरज धामी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि झनकट के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष कमान सिंह जेठी ने दमगड़ा तिराहा झनकईया के पास शुक्रवार तड़के 3 बजकर 40 मिनट पर उसके साथ गाली-गलौज कर लाइसेंसी रिवॉल्वर से उस पर फायर झोंक दिया। एक फायर उसके पांव के पास आकर लगा, जबकि दूसरा उसके सिर के पास से निकल गया। फायर की आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए। हो-हल्ला होने के कारण आरोपी मौके से फरार हो गया। झनकईया थाना प्रभारी अनिल जोशी ने बताया कि आरोपी कमान सिंह झनकट में जुआ खेल रहा था। वहां नीरज भी दीवाली के चलते जुआ खेलने गया था। यहां नीरज रकम जीतने के बाद अपने घर वापस आ गया। यही बात आरोपी को नागवार गुजरी। उसने नीरज को फोन कर दमगड़ा तिराहे पर बुला लिया। नीरज जब वहां पहुंचा तो आरोपी ने उस पर दो राउंड फायर किए। बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने जिस असलहा से दो राउंड फायर किए, उसको भी बरामद कर लिया गया है। लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की जा रही है। शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

5 नवंबर से होंगे प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव

पिथौरागढ़)। प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनावों की तिथियां घोषित हो गई हैं। जिला तदर्थ समिति ने विकासखंड के चुनावों की रूपरेखा तय कर ली है। समिति के ललित बसेड़ा की अध्यक्षता में गोष्ठी चुनाव प्रक्रिया पांच नवंबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया। पांच को धारचूला, 6 को मुनस्यारी, 8 को बेरीनाग, 9 को गंगोलीहाट, 11 को विण, 13 को मूनाकोट 16 को डीडीहाट और 18 नवंबर को कनालीछीना में शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी और चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। बैठक में प्रांतीय तदर्थ समिति सके सदस्य जितेंद्र वल्दिया, जेपी वर्मा, त्रिलोचन जोशी आदि मौजूद रहे।

कीर्तनी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया

रुद्रपुर। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में चल रहे दीपावली मेले में हजारों की संख्या में संगत ने दरबार साहिब में अपनी हाजिरी लगाकर पवित्र पंजा साहिब पर घी के दीपक जलाए और गुरु महाराज से सुख-शांति के लिए अरदास की। गुरुद्वारा साहिब में सजे धार्मिक दीवान में दिन-रात रागी, ढाडी, कविसरी और कीर्तनी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरुनानक देव और गुरुओं के बताए मार्ग पर चलने के लिए संगत को प्रेरित किया। गुरुद्वारा प्रबंधन और डेरा कारसेवा की ओर से संगत के रहने और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में बंदी छोड़ दिवस के उपलक्ष्य पर लगने वाले उत्तर भारत के प्रसिद्ध दीपावली मेले में संगत की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार को सुबह से ही संगत की लम्बी कतारें लग गईं। संगत ने पवित्र सरोवर में स्नान कर श्री हरमिंदर साहिब के दर्शन किए और पवित्र पंजा साहिब में घी के दीपक जलाकर सुख-शांति की अरदास की। बाबा अलमस्त दीवान हॉल में सजे धार्मिक दीवान में पंथ के प्रसिद्ध धार्मिक जत्थे और कथावाचक गुरुओं की महिमा का गुणगान कर रहे हैं। गुरुनानक इंटर कॉलेज के एनसीसी और स्काउट के स्वयंसेवियों और मंझ सेवा सोसायटी सितारगंज, यूथ सिख सोसायटी सितारगंज समेत तमाम सामाजिक और धार्मिक संगठन भी सेवाएं दे रहे हैं। मेले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से संगत के लिए निःशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर लगाया गया है। यातायात व्यवस्था दुरुस्थ रखने के लिए सेवादार व पुलिस, पीएसी भी तैनात है। मेला परिसर में अस्थायी पुलिस कैम्प स्थापित किया है। सीसीटीवी कैमरों से मेला परिसर व गुरुद्वारा परिसर में नजर रखी जा रही है। इसके बाद भी चेन छीनने, पर्स चोरी के मामले सामने आए। संगत के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से लंगर और ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। संगत दिन-रात अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

धार्मिक डेरा कार सेवा में संतों से लिया आशीर्वाद

हजारों की संख्या में संगत ने धार्मिक डेरे पर पहुंचकर संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां अटूट लंगर बरताया जा रहा है। संगत ने गुरुद्वारा छेंवी पातशाही, भंडार साहिब, दूध वाला कुआं, लाल गुरु गुरुद्वारे में भी शीश नवाया। श्रद्धालुओं ने पवित्र बाउली साहिब और अजायब घर में लगे सिखी के इतिहास को देखकर और पढ़कर खुद को गौरवान्वित किया। मेलार्थियों ने गुरुद्वारा साहिब में लंगर छककर पर्व पर लगे मेले में जमकर खरीदारी कर मनोरजंन के साधनों का लुत्फ उठाया।

लाल गुरु के दरबार में नानकपंथी संगत ने मत्था टेका

नानकमत्ता। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नानकपंथियों की आस्था का केंद्र है। हर साल दीवाली पर पीलीभीत, बीसलपुर, बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी आदि क्षेत्रों से नानकपंथी पहुंचते हैं। बाबा अलमस्त जो लाल गुरु के नाम से प्रसिद्ध थे। उनके अनुयाई नानकपंथी कहलाते हैं। नानकपंथी गुरुद्वारा साहिब के साथ ही ध्यानपुर के नंदीश्वर मंदिर पर भी संगत ने घी चढ़ाकर पूजा-अर्चना की।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	213-DRM-MB-24-25 Dt. 01.11.2024	214-DRM-MB-24-25 Dt. 01.11.2024	218-DRM-MB-24-25 Dt. 01.11.2024
कार्य का नाम	Heavy repair to leaky roof in staff quarters and service building in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN	Maintenance of bridge's in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN.	Repair & Replacement of old corroded water pipelines and associated works at BE, MIL & RMU under ADEN/BE
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	27.11.2024 16:00	27.11.2024 16:00	27.11.2024 16:00
अनुमानित लागत	69,99,874.29	69,99,822.97	69,99,993.93
धरोहर राशि	1,40,000.00	1,40,000.00	1,40,000.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	13.11.2024	13.11.2024	13.11.2024
आफर की वैधता	60 दिन	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	08 माह	12 माह	08 माह

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 01.11.2024 3398/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

डीमैट खाते से 14 लाख के शेयर उड़ाए

हल्द्वानी। भविष्य निधि के तौर पर 16 साल पहले 14 लाख खर्च करके खरीदे गए साढ़े सात हजार से अधिक शेयर डीमैट खाते से चोरी हो गए। मामले में साइबर पुलिस स्टेशन रुद्रपुर ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इससे पहले भी दो मामले डीमैट अकाउंट से शेयर चोरी के हल्द्वानी में आ चुके हैं।पुलिस को दी तहरीर में आरके पुरम लालडांठ रोड निवासी राजेश कुमार बोरा ने बताया कि वर्ष 2004 में उन्होंने रिलायंस सिक्योरिटीज देहरादून ब्रांच में अपने नाम से डीमैट खाता खोला था। 2008 तक उन्होंने खाते में ट्रेडिंग की। भविष्य निधि के तौर पर उन्होंने करीब 15 कंपनियों के 7,618 शेयर खरीदे थे और इसके लिए उन्होंने तकरीबन 14 लाख रुपये अपने खर्च किए थे। इसी वर्ष अप्रैल में जब राजेश ने अपना डीमैट खाता खोला तो वह लॉक मिला। उन्होंने तत्काल मामले में रिलायंस सिक्योरिटी कंपनी के प्रबंधक से संपर्क किया। प्रबंधक ने केवाईसी अपडेट न होने के कारण खाता लॉक होना बताया। साथ ही प्रबंधक ने शिकायतकर्ता को बताया कि उनका पूर्व रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर भी बदल चुका है। किसी तरह खाता दोबारा चालू करा कर उन्होंने ऑनलाइन लॉग–इन किया तो पता चला कि राजेश ने सालों पहले जो शेयर खरीद कर खाते में रखे थे, वह गायब हो चुके हैं। पता चला कि यह शेयर वर्ष 2023 के नवंबर में दो अलग–अलग डीमैट खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। अब साइबर पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ मुखानी विजय मेहता ने बताया कि मामले में पुलिस के अधिकारी जांच कर रहे हैं।

दुकान के गल्ले से रुपये चुराने का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। हरबर्टपुर में एक दुकान के गल्ले से पांच हजार रुपये चुराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसआई संजीत कुमार ने बताया कि पूरण सिंह यादव, निवासी विवेक विहार हरबर्टपुर ने तहरीर देकर बताया कि उनकी कामधेनु डेयरी के नाम से विवेक विहार में ही दुकान है। बताया कि वह शुक्रवार को रोज की तरह दोपहर को दुकान खुली छोड़कर घर खाना खाने गए थे। जब वह वापस दुकान पहुंचे तो गल्ले से पांच हजार रुपये और आधार कार्ड गायब मिला। बताया कि शिकायत के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर आरोपी सद्दाम पुत्र स्व. इकराम, निवासी ढालीपुर को चोरी किए गए 4500 और आधार कार्ड के साथ जैन बाग की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एएसआई से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। पथरी थाने में तैनात एक एएसआई के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। इससे एएसआई घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार को पथरी थाने में तैनात एएसआई प्रमोद कुमार जांच के लिए गांव सुगरासा पहुंचा था। इस दौरान गांव के ही रहने वाले धर्मवीर पुत्र इन्द्रराज ने एएसआई को काम करने से रोककर उसके साथ गाली गलौज तथा मारपीट कर दी। मारपीट में एएसआई के सिर पर गंभीर चोट आई है।

एएसआई की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज उसे जेल भेजा गया है।

दुकान के आसपास आकर छींटाकशी करने पर हुआ विवाद

हरिद्वार। कोतवाली लाकर की गई पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि अप्रैल माह में उसका मृतक महेश उर्फ कल्लू से लेन देन को लेकर विवाद हुआ था। उसके परिजन ने उसके खिलाफ इस संबंध में शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि वह कल्ल और उसके परिजन पर मुकदमे में समझौते के लिए दबाव बना रहा था लेकिन वे तैयार नहीं हो रहे थे। बल्कि उसे जेल भिजवाने की धमकी दे रहे थे। बताया कि मृतक और उसके परिजन अक्सर उसकी दुकान के आसपास आकर छींटाकशी करते थे। इन सब बात से क्षुब्ध होकर उसने उस दिन उसकी दुकान पर पहुंचकर इंटर लॉकिंग टाइल से हमला कर उसकी हत्या कर दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी ने वर्ष 2019 में भी एक सब्जी विक्रेता की हत्या की थी।

ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में नाबालिग ने अपने ही घर में कराई लाखों की चोरी

देहरादून। चम्पा गैरोला निवासी विवेकानन्द कॉलोनी तल्ला नैग्वाड अपनी बेटी से मिलने देहरादून गई थी। जब वह देहरादून से गोपेश्वर अपने घर लौटी तो घर के दरवाजे का ताला टूटा था। सास के कमरे में बने स्टोर के लॉकर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी कर लिए गए थे और उनके अपने कीमती आभूषण भी गायब थे। जिनकी कीमत लगभग 35–40 लाख रूपये है। महिला ने पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार द्वारा मामले तत्काल अनावरण व चोरी में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अवाश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। और तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया।

काफी लोगों से पैसे उधार लिए थे

चोरी का खुलासे करने संजय गर्ब्याल, पुलिस उपाधीक्षक चमोली सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की गई। टेक्निकल टीम की सहायता ली गई। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी सहयोग के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त चोरी की घटना में संलिप्त दो नाबालिगों को पकड़ा गया। नाबालिगों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि पीड़ित का नाबालिग पुत्र ही उक्त घटना का मास्टरमांइड है, जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा पीड़ित के नाबालिग पुत्र को देहरादून से संरक्षण में लेते हुए जनपद चमोली लाया गया। उसने बताया कि वो लम्बे समय से ऑनलाइन गेमिंग और ट्रेडिंग व महंगे खर्चे करने का शौकीन है। जिसके लिए उसके द्वारा काफी लोगों से पैसे उधार लिए थे।

उक्त चोरी की घटना में संलिप्त एक नाबालिग से भी उसके द्वारा पचास हजार रुपये उधार लिए गए थे। अन्य लोगों द्वारा भी उस पर लगातार पैसे वापस करने का दबाव बनाया जा रहा था। कर्जे से छुटकारा पाने के लिए नाबालिग द्वारा अपने ही घर में चोरी करने की योजना बनायी गई, जिसमें उसके द्वारा अपने दो नाबालिग दोस्तों को यह लालच देकर शामिल कर लिया गया कि उसके घर पर उसकी माँ और दादी के लाखों के गहने है, जिन्हें चोरी कर ऊंचे दाम पर बेचकर वे काफी मुनाफा कमा सकते है। जब उसकी मां देहरादून चली गई तो मौके का फायदा उठाकर उसने अपने दोस्तों का घर बुला लिया।

21 जल विद्युत परियोजनाओं पर मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने मांगा जवाब

देहरादून। राज्य की 2123.6 मेगावाट की 21 जल विद्युत परियोजना को लेकर मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने राज्य से जवाब मांगा है। जल शक्ति मंत्रालय ने इन परियोजनाओं पर अड़ंगा लगाया हुआ है, जिसके निराकरण के ही उप समिति का गठन किया गया था। इस उपसमिति में उत्तराखंड की मुख्य सचिव भी बतौर सदस्य शामिल हैं। दरअसल, राज्य सरकार का तर्क है कि उत्तराखंड की 21 जल विद्युत परियोजनाओं में से 11 तो गैर विवादित हैं जबकि 10 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ समिति ने हरी झंडी दी हुई है। इसके बावजूद जल शक्ति मंत्रालय का तर्क है कि 2019 में पीएमओ में हुई बैठक में ही यह तय हो गया था कि ये परियोजनाएं नहीं बन सकती है।

विवाद के बीच केंद्र सरकार ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया था। इस उपसमिति को अपनी रिपोर्ट देनी है। जिसके आधार पर इन जल विद्युत परियोजनाओं का भविष्य तय होगा। यूजेवीएनएल के एमडी डॉ. संदीप सिंघल ने बताया कि उप समिति के लिए जवाब तैयार करके भेजा जा रहा है।

अवैध शिकार और तस्करी रोकने के लिए वन कर्मियों ने की गश्त

उत्तरकाशी। वन विभाग की बाड़ाहाट रेंज की टीम ने अपने क्षेत्र के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में लंबी दूरी गश्त कर अवैध शिकार और जड़ी–बूटी की तश्करी को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही भालू के हमले को रोकने के लिए भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि इन दिनों वन क्षेत्रों में सतर्कता बरती जाए। बाड़ाहाट रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने उप रेंज अधिकारी कीर्ति मिस्त्री सहित वन दरोगा शिवेंद्र चौहान, संदीप, प्रदीप और दैनिक कर्मचारी बृजमोहन राणा ने गंवाणागाड़ एक और दो के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में कक्ष संख्या 1, 2, 4 ए बी, 3 बी सहित अयाणा, कन्याणा में लंबी दूरी गश्त की गई। शिवेंद्र चौहान ने बताया कि सर्दियां शुरू होते ही क्षेत्रों में भालू के हमले की घटनाएं बढ़ जाती है। क्योंकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ गिरने और ठंड पड़ने के साथ ही जानवर भी निचले इलाकों में आ जाते हैं। पिछले कुछ दिनों में रेंज के अंतर्गत कई गांवों में भालू दिखने और उनके हमले की सूचना आई है।

वहीं सर्दियों में जड़ी–बूटी और अवैध शिकार की संभावनाएं बनी रहती है। वहीं, अवैध कार्यों को रोकने के लिए बर्फबारी से पहले यह कार्रवाई की जाती है। रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी ने बताया कि इस दौरान लोगों को भालू के हमले से बचने के लिए भी जागरूक किया गया।

आग में झुलसे छात्रनेता को हायर सेंटर किया रेफर

अल्मोड़ा। छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे छात्र संगठनों के आंदोलन के बीच कुछ दिन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी दीपक लोहनी ने आत्मदाह का प्रयास किया था। जिसके बाद दीपक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। दीपक के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। बता दें कि विगत दिनों छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों ने आंदोलन किया था जिसके बाद सोमवार को नगर के चौघानपाटा में आत्मदाह के प्रयास में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दीपक लोहनी झुलस गए थे।

दीपक लोहनी का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा था किंतु उनके स्वास्थ्य में गिरावट के चलते जिला अस्पताल के प्रशासन द्वारा उन्हें गुरुवार को हल्द्वानी रेफर किया गया है।

बॉर्डर और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए होगा जेंडर बजट

देहरादून। उत्तराखंड के बॉर्डर और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाली 15 से 29 आयु वर्ग की नारी शक्ति के लिए युवा नीति में जेंडर बजट का प्रावधान किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों से युवाओं का पलायन रोकने और स्थानीय युवतियों को भी सक्षम बनाने के लिए स्वरोजगार व अन्य योजनाओं के जरिए उन्हें आर्थिक विकास के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इस संबंध में युवा नीति के ड्राफ्ट में विशेष प्रावधान किए जा रहे हैं। युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि युवा नीति बनाने की प्रक्रिया में युवक–युवतियों को समान तौर पर नहीं आंका जा सकता। पहाड़ और बॉर्डर एरिया में रहने वाले युवकों व युवतियों की चुनौतियां तथा उनकी आवश्यकताएं अलग–अलग हैं, जिसका नीति बनाने की प्रक्रिया में खास ध्यान रखा जा रहा है। इसके मद्देनजर पिछली समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए थे, जिस पर नियोजन विभाग और युवा कल्याण विभाग की टीम कार्य कर रही है। उम्मीद है कि अगले दो महीनों में युवा नीति का ड्राफ्ट फाइनल करके कैबिनेट में पेश कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा नीति को उत्तराखंड के युवाओं को समर्पित किया जाएगा।

उचित नीति का किया जाएगा निर्माण

मंत्री के मुताबिक, नीति बनाते समय बॉर्डर एरिया और सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों के युवाओं की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जा रहा है। इन क्षेत्रों के युवाओं की आवश्यकताएं अलग हैं। वहां युवतियों की चुनौतियां अलग हैं। वह युवकों की तरह दूर क्षेत्रों में जाकर परिवहन और आवास का किराया नहीं दे सकती हैं। इसी तरह जनजातियों के युवा, वन राजि जनजाति के युवक युवतियां, एससी और एसटी युवा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही उचित नीति का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री रेखा आर्या के निर्देशानुसार विभागीय टीम बॉर्डर एरिया, सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के युवा, खासकर नारी शक्ति की आवश्यकताओं और उनके सुझाव पर सर्वे कर रही है, जिसके मद्देनजर जेंडर बजट को युवा नीति के ड्राफ्ट में शामिल करने पर काम किया जा रहा है।

संबंधित सवालों और जवाबों की फेहरिस्त तैयार की जा रही है, ताकि उचित नतीजों पर पहुंचा जा सके।

–प्रशांत आर्य, निदेशक, युवा कल्याण

नीरज हत्याकांड का एसएसपी ने किया खुलासा, ऑटो चालक ने की हत्या

ऊधमसिंह। ऊधमसिंह जिले के किच्छा में हुए नीरज हत्याकांड का एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा किया। लूट के इरादे से ऑटो चालक चंदन चौधरी निवासी खेड़ा ने नीरज की डंडे से वार कर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया पर्स, एटीएम बरामद किया।

केएमवीएन कर्मियों ने मां गुरना देवी मंदिर में किया पौधरोपण

पिथौरागढ़। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाया जा रहा आंदोलन 120वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कर्मियों ने मां गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में वृहद पौधरोपण किया।

उन्होंने सरकार से नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 जारी करने की अपील की है। उन्होंने आशा जताई कि सरकार महासंघ की मांग का वार्ता के माध्यम से निराकरण करेगी। पौधरोपण करने वालों में हर सिंह, शेर सिंह, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह, दीपक रावल, गोपाल बिष्ट, सौरव खोलिया, महेश कुमार, राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

उत्तराखंड में दो चरणों में होंगे 38वें राष्ट्रीय खेल

हल्द्वानी। 28 जनवरी से शुरू होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण 28 जनवरी से सात फरवरी तक फुटबाल, मार्डन पैंटाथलान व वुशु खेल होंगे। जबकि दूसरे चरण में सात से 14 फरवरी तक एक्वाटिक्स, खो–खो व ताइक्वांडो खेल होंगे।

वहीं राष्ट्रीय खेलों का समापन 14 फरवरी को हल्द्वानी के गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा। शुक्रवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों को लेकर उत्तराखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी व महासचिव डॉ. डीके सिंह ने गौलापार स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ताइक्वांडो खेल का आयोजन स्थल बहुउद्देशीय हाल का निरीक्षण किया। जिसमें देखा गया कि हाल में 600 खिलाड़ियों के बैठने की व्यवस्था है। साथ ही हाल के ऊपर ही ताइक्वांडो खिलाड़ियों के प्रैक्टिस कोर्ट का भी चयन किया गया। वहीं खो–खो खेल के आयोजन के लिए दूसरे बहुद्देशीय भवन का निरीक्षण किया गया। जिसमें 1200 लोगों के बैठने की दर्शक दीर्घा को देखा गया। साथ ही हाल के अंदर ही खो–खो खिलाड़ियों का प्रशिक्षण मैदान बनाया जाएगा। वहीं स्वीमिंग पूल के समीप बन रहे मार्डन पैंटाथलान खेल के लिए एथलेटिक्स ट्रैक, लेजर शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया। साथ ही स्वीमिंग पूल, क्रिकेट मैदान के बीचोंबीच बन रहे फुटबॉल मैदान का भी निरीक्षण किया गया। यहां उत्तराखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव देवेश पांडे आदि मौजूद रहे।

जुआ खेलते 21 लोग रंगे हाथ धरे गए

पिथौरागढ़। जुआरियों के खिलाफ पुलिस के अभियान के तहत नगर में 14 लोगों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सुरेश कंबोज के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान एक ढाबे में बैठकर जुआ खेल रहे दिनेश सिंह बिष्ट, दीपक मेहता, जितेंद्र सिंह, दीवान सिंह, बलवंत सिंह, नरेश सिंह, रमेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, किरन सिंह, लाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, गोविंद सिंह, संजीव सिंह के पास से 14 हजार की नगदी बरामद की गई।

इधर, बेरीनाग थानाध्यक्ष महेश जोशी के नेतृत्व में टीम ने राईआगर में चेकिंग अभियान चलाया। इसमें एक जनरल स्टोर के गोदाम में जुआ खेल रहे नरेंद्र सिंह राणा, मनोज सिंह, गोपाल भंडारी, हरीश सिंह, रवींद्र भंडारी, मोहन सिंह, अनिल सिंह को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 15 हजार की नगदी बरामद की गई। सभी 21 लोगों के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

कुमाऊं स्काउट का 43 वां स्थापना दिवस मनाया, कर्नल नौटियाल बोले–देश सेवा के लिए तैयार रहें जवान

पिथौरागढ़। कुमाऊं स्काउट का 43 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान खेलों के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इससे पूर्व कर्नल अनिल प्रसाद नौटियाल ने दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया।स्थापना दिवस पर वॉलीबाल, बास्केटबाल, मीना बाजार, लकी ड्रॉ, आतिशबाजी के साथ ही बटालियन मंदिर में विधि विधान से पूजा–अर्चना की गई। उसके बाद क्वार्टर कार्ड निरीक्षण, विशेष सैनिक सम्मेलन, चांचरी आदि कार्यक्रम किए गए। कर्नल नौटियाल ने कुमाऊं स्काउट के इतिहास की जानकारी देते हुए वीर जवानों को याद किया। आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों, नेपाल के कलाकार और यूनिट के जवानों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। सेना के पाइप और जाज बैंड ने देशभक्ति धुनों पर रंगारंग कार्यक्रम किए। यूनिट के पूर्व सूबेदार मेजर श्याम सिंह कार्की, राम सिंह बिष्ट, भूपाल सिंह कार्की, लक्ष्मण सिंह बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल मोहन चंद्र, सूबेदार मेजर गोकर्ण सिंह, मेजर नवलदीप सिंह, गीतानंद, केशव, खुशाल नेगी, कैप्टन रवि शर्मा, के जोसेफ आदि मौजूद रहे।

सड़क पर फैले गंदा पानी से निकलने को मजबूर क्षेत्रवासी

सुल्तानपुर पट्टी। ग्राम रामजीवनपुर में सड़कों पर पानी भरा रहने से लोग परेशान हो रहे हैं। गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक गुहार लगा चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बता दें दीपावली पर्व पर जहां सभी लोग अपने–अपने घरों में साफ–सफाई में लगे हुए थे। वहीं नगर में गंदे पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने की वजह से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर भरा हुआ था। लोगों का कहना है कि नगर में नालों में गंदा पानी की निकासी नहीं होने के कारण घरों की नालियों का पानी सड़कों पर फैल जाता है।

टिहरी में नाबालिग किशोरी से लव जिहाद पर महिला आयोग ने लिया संज्ञान

टिहरी । टिहरी गढ़वाल के कीर्ति नगर में 10वीं कक्षा की छात्रा को सैलून में काम करने वाले समुदाय विशेष के एक युवक द्वारा लव जिहाद में फंसा कर अपहरण करने के मामले में राज्य महिला आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल से फोन पर बात कर घटनाक्रम की जांच और प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीड़ित किशोरी की काउंसलिंग कराने और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी सीडब्लूसी टीम द्वारा कराने को कहा। उन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि देवभूमि में लव जिहाद, धर्मान्तरण जैसी घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। राज्य में बेटियों को सोशल मीडिया पर नाम बदल दोस्ती के नाम पर बहला–फुसला गुमराह किया जा रहा है। इस पर अभिभावकों और कानून से जुड़ी एजेंसियों को सतर्क रहना होगा।

मेहरागांव से कैंची धाम तक लगा जाम, सड़क पर घंटों रेंगते रहे वाहन

नैनीताल। दीपावली के वीकेंड के चलते मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ों में घूमने आए सैलानियों की आवाजाही से शनिवार की सुबह 10 बजे से मेहरागांव, फरसौली, भवाली से लेकर कैंची तक लंबा जाम लगा रहा। जाम को खोलने में पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आई। जाम के नहीं खुल पाने से सैलानियों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान नजर आए।

संस्कृति के संरक्षण में संत समाज का योगदान

हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने गौ गंगा सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास महाराज का मां मनसा देवी का चित्र भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। निरंजनी अखाड़े में स्वागत के दौरान उन्होंने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन और मानव सेवा में संत समाज का हमेशा अहम योगदान रहा है।

युवा संत स्वामी निर्मलदास जिस प्रकार विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से धर्म और मानव सेवा में योगदान कर रहे हैं। वह अत्यन्त सुखद और सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, स्वामी राजगिरी, स्वामी शिवम मंहत आदि शामिल रहे।

दोगुनी होगी श्रीदेव सुमन राजकीय पुस्तकालय की क्षमता

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन राजकीय पुस्तकालय की क्षमता बढ़ाने के साथ ही वहां की सुविधाओं को आधुनिक बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इससे न केवल विद्यार्थी, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार करने वाले युवा भी लाभान्वित होंगे। पुस्तकालय का स्वरूप बदलने के लिए जिला प्रशासन 20 लाख की धनराशि खर्च करने जा रहा है। जिला योजना से पुस्तकालय की निचली मंजिल को भी अब हाईटेक बनाया जा रहा है।

सौ साल पुराना श्रीदेव सुमन राजकीय पुस्तकालय जल्द ही अब पूरी तरह से हाईटेक होने जा रहा है। पुस्तकालय को बेहतर बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। पूर्व में भी डीएम मयूर दीक्षित की पहल पर इस पुस्तकालय की ऊपरी मंजिल को हाईटेक बनाया गया था। उस कक्ष में उपलब्ध 14 हजार किताबों की इंडेक्सिंग की गई थी। पुस्तकालय में उपलब्ध सभी पुस्तकों को ऑनलाइन किया गया था। पुस्तकालय में कंप्यूटर कक्ष, अलग–अलग कैटागिरी के लिए कैटलॉग, नर्सरी और आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए डिस्प्ले बोर्ड, फन बुक आदि की व्यवस्था की गई थी। तब से पुस्तकालय में नियमित रूप से 25 से 30 छात्र–छात्राएं अध्ययन करने पहुंचते हैं। डीएम ने बताया कि पुस्तकालय की निचली मंजिल को भी अब पूरी तरह से हाईटेक बनाया जा रहा है। इस कार्य के लिए जिला योजना से 20 लाख का बजट उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें पुरानी टिहरी शहर में लोगों को पुस्तकालय की सुविधा देने को तत्कालीन टिहरी नरेश नरेंद्र शाह ने 1923 में पुस्तकालय की स्थापना की थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com